भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1157

जिसका उत्तर दिनांक 09.02.2022 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा का विस्तार

1157. श्री सत्यदेव पचौरी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रेल, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और एनटीपीसी का विचार देश में परमाणु ऊर्जा का विस्तार करने के लिए धनराशि जुटाने का है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) का विचार इन कंपनियों के साथ संयुक्त उद्‌यम बनाकर परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा संयुक्त उद्‌यम के रूप में कितने परमाणु संयंत्र स्थापित किए जाने की संभावना हैं; और

(ग) क्या भारतीय रेल और एनपीसीआईएल के पास इस उद्‌यम के लिए पर्याप्त धनराशि है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) तथा (ख) न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भविष्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) लिमिटेड के साथ पहले ही संयुक्त उद्‌यम कर लिया है । वर्तमान में ओएनजीसी और भारतीय रेलवे के साथ एनपीसीआईएल के संयुक्त उद्‌यम स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । संयुक्त उद्‌यमों द्‌वारा स्थापित की जाने वाली परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं भागीदारों के बीच समझौते और सरकार के अनुमोदन पर आधारित होंगी ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

* * * * *